पत्र संख्या–1/स्था0 (21) 34/2025–....................../

बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

जीतेन्द्र कुमार मिश्रा,

सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– /2026

विषय :– **डॉ0 अनुरंजन कुमार गौतम, उप निदेशक (प0वि0) मध्यम पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), दरभंगा का दिनांक–04.09.2025 से 19.12.2025 तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में बिताई गई अवधि का सेवा विनियमन किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि डॉ0 अनुरंजन कुमार गौतम, तदेन जिला पशुपालन पदाधिकारी, गया जी को विभागीय अधिसूचना संख्या–296नि0गो0, दिनांक–01.07.2025 के द्वारा निलंबित किया गया।

2. तत्पश्चात् विभागीय अधिसूचना संख्या–381नि0गो0, दिनांक–04.09.2025 के द्वारा डॉ0 गौतम को निलंबन से मुक्त किया गया तथा निलंबन से मुक्ति के पश्चात् पदस्थापन की प्रतीक्षा में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग सम्प्रति डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना में योगदान देने हेतु निदेशित किया गया।

3. डॉ0 गौतम द्वारा दिनांक–05.09.2025 को राजपत्रित छुट्टी तथा दिनांक–06.09.2025 एवं 07.09.2025 को क्रमशः शनिवारीय तथा रविवारीय अवकाश होने के कारण दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न में विभाग (डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग) में योगदान समर्पित किया गया।

4. तदालोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–5226–सह–पठित ज्ञापांक–5230, दिनांक–19.12.2025 के द्वारा डॉ0 अनुरंजन कुमार गौतम, सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में, को अगले आदेश तक अपने ही कोटि वेतनमान में उप निदेशक (प0वि0) मध्यम पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), दरभंगा के पद पर पदस्थापित किया गया।

5. उक्त के आलोक में डॉ0 गौतम द्वारा दिनांक–20.12.2025 के पूर्वाह्न में उप निदेशक (प0वि0) मध्यम पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), दरभंगा के पद का प्रभार ग्रहण किया गया।

6. इस प्रकार डॉ0 गौतम दिनांक–04.09.2025 से 19.12.2025 तक कुल 107 (एक सौ सात) दिनों तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे।

7. अतएव उक्त के आलोक में डॉ0 अनुरंजन कुमार गौतम, उप निदेशक (प0वि0) मध्यम पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), दरभंगा का अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में बिताई गयी अवधि को निम्नरूपेण विनियमित किया जाता है:–

i. दिनांक–04.09.2025 कुल 01 (एक) दिन को पारगमन अवधि के रूप में।

ii. दिनांक–05.09.2025 से 07.09.2025 तक कुल 03 (तीन) दिनों को राजपत्रित अवकाश के रूप में।

iii. दिनांक–08.09.2025 से 19.12.2025 तक कुल 103 (एक सौ तीन) दिनों के प्रभार रहित अवधि के रूप में।

8. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0 / –

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–1 / स्था0 (21) 34 / 2025–...................... / पटना–15, दिनांक–.................. / 2026

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना / संबंधित कोषागार पदाधिकारी / डॉ0 अनुरंजन कुमार गौतम, उप निदेशक (प0वि0) मध्यम पशु विकास परियोजना (मु0स्तर), दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–1 / स्था0 (21) 34 / 2025–...840........ / पटना–15, दिनांक–..16/02../ 2026

प्रतिलिपिः–विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव।